# PTET सॉल्वड पेपर-2020

(स्मृति पर आधारित)

## भाग-'अ' : मानसिक योग्यता

1. एक निश्चित कूट भाषा में, "HAND" को "SZMW" लिखा जाता है और "COME" को "XLNV" लिखा जाता है। समान कूट भाषा में "MILK" को कैसे लिखा जाएगा?
(1) PRQO (2) NROP
(3) PSPQ (4) NROQ (2)

2. नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह ( ? ) के स्थान पर कौनसी संख्या आएगी?
16, 24, 36, ?, 81
(1) 54 (2) 52
(3) 61 (5) 58 (1)


निर्देश-( 3-4 ) निम्नलिखित प्रश्नों में चार शब्द दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी न किसी प्रकार से समान हैं और चौथा एक विषम है, तो वह विषम शब्द ज्ञात करें।

3. (1) रिया (2) ट्राउट
(3) लेम्प्री (4) सैल्मन (1)

4. (1) मलेरिया (2) प्लेग
(3) डेंगू (4) टिटनेस (4)

5. यदि DELHI को 73541 को CALCUTTA को 82589662 लिखते हैं, तो CALICUT को उसी कूट भाषा में क्या लिखेंगे?
(1) 5978213 (2) 8251896
(3) 8543691 (4) 5279431 (2)

6. लुप्त संख्या ज्ञात करो-




(1) 40 (2) 48
(3) 30 (4) 24 (3)

7. 'वृत्त की परिधि' से वो ही सम्बन्ध है, जो 'वर्ग' का ..... से है-
(1) क्षेत्रफल (2) आयतन
(3) विकर्ण (4) परिमाप (4)

8. लुप्त संख्या ज्ञात करो

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | ? |
| 1 | 5 | 6 |
| 2 | 4 | 4 |

(1) 8 (2) 0


9. निम्न संख्या श्रेणी का अगला पद ज्ञात करो?
3, 7, 23, 95, ?
(1) 62 (2) 128
(3) 479 (4) 575 (3)

10. पर्च : साफ पानी :: नमकीन पानी : ?
(1) मगरमच्छ (2) मेंढ़क
(3) कॉड (4) साँफ (3)

11. रवि की आयु सोहन की आयु से दुगुनी है। तीन वर्ष पूर्व, रवि की आयु, सोहन की आयु से, तीन गुनी थी। वर्तमान में रवि की आयु क्या है?
(1) 6 वर्ष (2) 8 वर्ष
(3) 9 वर्ष (4) 12 वर्ष (4)

12. मेरा मुँह दक्षिण दिशा की ओर है। मैं दायें मुड़कर 20 मी. चलता हूँ। फिर मैं दायें मुड़कर ओर 10 मी. चलता हूँ। फिर बायें मुड़कर 10 मी. चलता हूँ। फिर दायें मुड़कर 20 मी. चलता हूँ। पुनः दायें मुड़कर 60 मी. चलता हूँ। मैं आरम्भिक बिन्दु से किस दिशा में हूँ?
(1) उत्तर (2) उत्तर-पूर्व
(3) उत्तर-पश्चिम (4) पूर्व (2)

13. दिए गए चित्र में चतुर्भुजों की कुल संख्या है-



(1) 9 (2) 10
(3) 11 (4) 12 (2)

14. 40 विद्यार्थियों की एक कतार में, अगर कशिश का स्थान दायीं तरफ से 21वाँ तथा दीपक का स्थान बायीं तरफ से 23वाँ हैं, तो बताओं पंक्ति में उन दोनों के बीच में कितने विद्यार्थी है?
(1) 3 (2) 2
(3) 4 (4) 5 (2)


15. 14 जून, 1993 को सप्ताह का कौनसा दिन था?
(1) मंगलवार (2) बुधवार
(3) सोमवार (4) रविवार (3)

16. 20 पैसे और 25 पैसे के कुल 324 सिक्के 71 रु. की राशि बनाते हैं। 25 पैसे के सिक्कों की संख्या है?
(1) 124 (2) 200
(3) 144 (4) 180 (1)

17. गणतंत्र दिवस पर शनिवार को अवकाश था। अगले माह में 14 को महाशिवरात्रि का फिर अवकाश था। 14 तारीख को कौनसा दिन था?
(1) मंगलवार (2) बुधवार
(3) गुरुवार (4) शुक्रवार (3)

Maharath Academy

निर्देश-( 18-20 ) निम्न चित्र को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए-




18. केवल तीन विषय वाले विद्यार्थियों की संख्या है-
(1) 56 (2) 36
(3) 18 (4) 38 (2)

19. किस विषय में विद्यार्थियों की संख्या अधिकतम है?
(1) हिन्दी (2) अंग्रेजी
(3) गणित (4) विज्ञान (4)

20. सभी चार विषयों वाले विद्यार्थियों की संख्या है-
(1) 18 (2) 20
(3) 36 (4) 0 (4)


21. श्रीमान् X उत्तर की ओर 10 किमी. चलता है। वहाँ से वह दक्षिण की ओर 6 किमी. चलता है। तब वह पूर्व की ओर 3 किमी. चलता है। उसके प्रारम्भिक बिन्दु से अब तक वह किस दिशा में खड़ा है?
(1) उत्तर-पूर्व (2) दक्षिण-पूर्व
(3) उत्तर-पश्चिम (4) दक्षिण-पश्चिम (1)

22. यदि अंग्रेजी वर्णमाला के केवल प्रथम आधे वर्णों को पलट दिया जाता है, तो K और R के मध्य कितने वर्ण उपस्थित होंगे?
(1) 5 (2) 13
(3) 14 (4) 15 (3)

23. एक निश्चित कूट भाषा में, 'GRASP' का कूट 'BMVNK' है, तो 'CRANE' शब्द का कूट क्या होगा?
(1) FUDQH (2) HWFSJ
(3) GVER! (4) XMVIZ (4)

24. 21 लड़कों की एक पंक्ति में, राम को दायी ओर चार स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया जाता है, तो वह बायीं छोर से 12वाँ बन जाता है। प्रारम्भ में पंक्ति के दायें छोर से उसका क्या स्थान था?
(1) 12वाँ (2) 13वाँ
(3) 14वाँ (4) 15वाँ (3)


25. दी गई आकृति में, कितने लोग क्रिकेट तथा टेनिस दोनों पसंद करते हैं?




(1) 17 (2) 32
(3) 15 (4) 27 (2)

26. निम्न संख्या श्रेणी में किन अंकों की बारम्बारता बराबर है?
7, 8, 9, 7, 6, 5, 3, 4, 2, 8, 9, 7, 2, 4, 5, 9, 2, 9, 7, 6, 4, 7
(1) 2, 5, 3 (2) 3, 7, 5
(4) 2, 5, 4 (4) 8, 5, 6 (4)

निर्देश-( 27-29 )-निम्नलिखित सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए-
A, B, C, D, E, F और G एक थियेटर में बैठे हुए हैं। सभी का मुँह पूर्व दिशा की ओर है। C, D के एकदम दायें बैठा हुआ है। B एक चरम छोर पर बैठा हुआ है और E उसका पड़ोसी है। G, E और F के बीच है। D दक्षिण छोर से तीसरे स्थान पर बैठा हुआ है।




27. E के दायीं ओर कौन बैठा हुआ है?
(1) B (2) F
(3) C (4) G (4)

28. उत्तरी छोर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा रहता है?
(1) C (2) E
(3) G (4) D (2)

29. निम्न में कौनसे व्यक्तियों की जोड़ी, चरम छोरों पर बैठी हुई है?
(1) AB (2) BC
(3) BD (4) FB (1)

30. यदि दक्षिण-पूर्व, उत्तर हो जाए, उत्तर-पूर्व, पश्चिम हो जाए तथा इसी प्रकार सभी, तो दक्षिण-पश्चिम की दिशा परिवर्तन के पश्चात् क्या होगी?
(1) उत्तर (2) पश्चिम
(3) पूर्व (4) दक्षिण (3)

31. दिए गए शब्द EFFECTIVE का दर्पण-प्रतिबिम्ब बराबर है-
(1) ƎVITƆƎFFƎ (2) EVITCEFFE
(3) ƎFFƎƆTIVƎ (4) ƎVITƆƎFFƎ (1)

32. यदि '+' का अर्थ है '×', '–' का अर्थ है '÷' '×' का अर्थ है '–' और '÷' का अर्थ है '+' तो निम्न का मूल्य ज्ञात करो-
(1) 220 (2) 376
(3) 478 (4) 448 (3)

33. निम्न श्रेणी में ( ? ) को ज्ञात कीजिए-
EZI, FYJ, GXK, HWL, ?
(1) MVM (2) MVN
(3) JVM (4) IVM (4)

34. किसी निश्चित कूट में, यदि BAT = 40 और HAT = 160 हो, तो CAT बराबर होगा-
(1) 20 (2) 60
(3) 120 (4) 80 (2)

35. A, C का पिता है और D, B का पुत्र है। E, A का भाई है। यदि C, D की बहन है, तो B किस प्रकार E से सम्बन्धित है?
(1) पत्नी (2) बहन
(3) भाभी (4) माता (3)

Maharath Academy


Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in

36. यदि रीना 1 से लेकर 100 तक की सभी पूर्णांक संख्या लिखती हैं, तो वह कितनी बार लिखती है?
(1) 20 (2) 21
(3) 22 (4) 18 (1)


37. इनमें से कौन सा अक्षरों का समूह, क्रमित रूप से रिक्त स्थानों पर रखने पर, दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?
ac_cab_baca_aba_aca_
(1) acbcc (2) aacbc
(3) babbb (4) bcbba (2)

38. एक निश्चित कूट भाषा में, "dom pul ta" का मतलब "bring hot food", "pul tir sop" का मतलब "food is good" और 'tak da sop' का मतलब "good bright boy" है। उसी कूट भाषा में निम्न में से किस का मतलब "hot" है?
(1) dom (2) pul
(3) ta
(4) आंकलन नहीं किया जा सकता (4)

39. निम्नलिखित प्रश्न आकृति में, दी गयी आकृतियों की श्रृंखला में एक आकृति लुप्त है। दी गयी उत्तर आकृतियों में से सही आकृति को चुनें, जो श्रृंखला को पूर्ण करेगा-
प्रश्न आकृति




उत्तर आकृति



(1) (2) (3) (4) (2)


40. शब्द "CONSTITUTIONAL" के वर्णों का प्रयोग करते हुए निम्न में से कौनसा शब्द नहीं बनाया जा सकता?
(1) TUITION (2) TALENT
(3) LOCATION (4) CONSULT (2)

41. यदि 'रबड़' को 'बॉक्स', 'बॉक्स' को 'पेंसिल', 'पेंसिल' को 'शार्पनर', 'शार्पनर' को 'बैग' कहते हैं, तो बच्चा किससे लिखेगा?
(1) रबड़ (2) बॉक्स
(3) पेंसिल (4) शार्पनर (4)


42. 'जूल' का सम्बन्ध 'ऊर्जा' से हैं, उसी प्रकार 'पास्कल' का सम्बन्ध ...... है-
(1) दाब (2) घनत्व
(3) बल (4) कार्य (1)

43. एक शहर में 70% लोगों के पास कार और 75% लोगों के पास टी.वी. है। यदि 55% लोग टी.वी. और कार दोनों रखते हैं, तो कितने प्रतिशत लोगों के पास ना तो कार है ना ही टी.वी. है?
(1) 25% (2) 20%
(3) 10% (4) 5% (3)

44. नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाये अनुसार, कागज को मोड़ने, काटने एवं खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?



चरण (1) चरण (2) चरण (3) चरण (4)




(1) (2) (3) (4) (1)

45. एक लड़के की ओर इशारा करते हुए वीना ने कहा, "वह मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र का पुत्र है।" वह लड़का वीना से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(1) चाचा (2) भाई
(3) चचेरा भाई (4) विवरण पर्याप्त नहीं है (2)

46. घड़ी में 3 और 4 के बीच में कितने बजे, घंटे और मिनट को सुईयाँ एक-दूसरे के विपरीत या 180° का कोण बनाएगी?
(1) $3:43\frac{7}{11}$° (2) $3:38\frac{2}{11}$°
(3) $3:49\frac{1}{11}$° (4) $3:54\frac{6}{11}$° (3)

47. एक फोटो में एक औरत की ओर संकेत करते हुए एक आदमी कहता है कि, "यह मेरी पत्नी की सास की इकलौती पुत्री है।" औरत का आदमी से क्या सम्बन्ध है?
(1) पुत्री (2) पत्नी
(3) बहन (4) साली/भाभी (3)

**निर्देश-(48-49)**-निम्नलिखित पाईचार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें।
घर के निर्माण के लिए भुगतान की गई राशि = 2,88,000 रु.
घर के निर्माण में विभिन्न पदों को निम्न प्रकार विभाजित किया गया है-




48. प्लम्बर को भुगतान की जाने वाली राशि क्या है?
(1) 2560 (2) 36000
(4) 37500 (4) 5120 (2)

49. लागत सामग्री एवं चिनाई की लागत के लिए भुगतान की गई राशियों में क्या अन्तर है?
(1) 10000 (2) 12000
(3) 16000 (4) 14000 (3)

50. मोहन पूर्व की ओर 3 किमी. चलता है और दक्षिण में मुड़कर 4 किमी. चलता है। फिर पश्चिम की ओर मुड़कर 6 किमी. चलता है। आरम्भिक बिन्दु से वह अब कितना दूर है?
(1) 3 किमी. (2) 4 किमी.
(3) 5 किमी. (4) 6 किमी. (3)

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in

## भाग-'ब' : अभिरुचि एवं अभिवृत्ति

51. अधिगमकर्त्ता से सम्बन्धित प्रमुख कारक, जो उसके अधिगम को प्रभावित करता है-
(1) शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य
(2) मूलभूत क्षमता
(3) आकांक्षा स्तर (4) उक्त कोई नहीं (1)

52. कक्षा का अनुशासन प्रभावी रूप से बनाया जा सकता है-
(1) अनुशासनहीनता का कारण जानकर और तदनुसार क्रिया करके।
(2) विद्यार्थियों को बीच में रुचिकर कार्यक्रम में पदान करके।
(3) विद्यार्थियों को, जो वे चाहते हैं, उन्हें करने देकर।
(4) सहायक सामग्री से शिक्षण करके (1)

53. आपका एक विद्यार्थी आपके शिक्षण के बीच में अथवा जब आप परीक्षा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण प्रकरण को समझा रहे हैं, तब प्रश्न पूछता है। आप-
(1) उसे प्रकरण पूर्ण करने के पश्चात् प्रश्न पूछने की कहेंगे।
(2) उसे प्रश्न छोड़कर आपको सुनने को कहेंगे।
(3) उससे अन्त: दृष्टि वाले प्रश्न पूछेंगे, जो उसके चिन्तन में सहायक हों।
(4) धैर्यपूर्वक सुनकर उत्तर देने का प्रयास करेंगें। (4)

54. अपने विद्यार्थियों में सर्जनात्मकता विकसित करने हेतु आप-
(1) उत्तर देने की स्वतंत्रता देंगे।
(2) मौलिकता को प्रोत्साहित करेंगे।
(3) बहुविध चिंतन का अवसर प्रदान करेंगे।
(4) केवल एकविध चिंतन का अवसर प्रदान करेंगे। (3)

55. आप और आपका साथी विद्यार्थियों की वर्तमान समस्या पर सामान्य परिचर्चा कर रहे हैं और तब अलग-अलग राय के कारण एक खराब बहस की स्थिति आ जाती हैं। आप-
(1) शान्त होकर कहेंगे, 'असहमति पर सहमत हो जाते हैं।'
(2) अपने दृष्टिकोण पर कायम रहेंगे और बहस पर जोर देंगे।
(3) परिचर्चा बन्द कर देंगे और दूसरे काम करेंगे।
(4) बहस खत्म कर देंगे और यह दिखाएंगे कि आपने उनका दृष्टिकोण स्वीकार कर लिया है। (3)

56. शाब्दिक सम्प्रेषण विधि उपयोगी है-
(1) सहयोग प्राप्ति व संघर्ष निवारण में
(2) बाह्य लोगों से सम्प्रेषण में
(3) संदेश गोपनीयता बनाने में
(4) दूसरों को निर्देश देने में (1)

57. यदि छात्र को मिरगी का दौरा पड़ जाता है, तो सर्वप्रथम आप-
(1) प्राथमिक उपचार देंगे।
(2) प्रधानाचार्य को सूचित करेंगे।
(3) अभिभावकों को बुलाएंगे।
(4) उसे घर भेज देंगे। (1)

58. विद्यालय में एक अध्यापक के लिए, अपने विभिन्न संस्कृति वाले साथी अध्यापकों से अन्तरवैयक्तिक कौशल के लिए निम्नलिखित में से कौनसा वांछनीय है?
(1) मुस्कुराहट से अभिवादन करना।
(2) मिलने पर हाथ मिलाना।
(3) विभिन्नताओं का आदर करना।
(4) बातचीत के दौरान उसकी तरफ देखकर बात करना। (3)

59. कक्षा के प्रतिभशाली बालकों के ज्ञान संवर्धन हेतु आवश्यक है-
(1) विषयवस्तु की पुनरावृत्ति (2) अगली कक्षा में उन्नति
(3) चुनौतीपूर्ण कार्य देना (4) संवर्धन कार्यक्रम (4)

60. ''एक कक्षा के विद्यार्थियों की असफलता अध्यापक की असफलता है।'' इस कथन के बारे में आपकी राय है-
(1) पूर्णत: सहमत (2) सहमत
(3) आंशिक सहमत (4) असहमत (1)

61. एक अध्यापक के रूप में, विद्यार्थियों के एक विषयवस्तु के प्रायोगिक पक्ष का मूल्यांकन करते समय उनको ग्रेड (श्रेणी) देंगे-
(1) गति के आधार पर (2) प्रस्तुतिकरण के आधार पर
(3) कौशल विकास के आधार पर
(4) पक्षपात किए बिना (3)

62. शैलेष, एक विद्यार्थी जिसकी बुद्धि कम है, उसके अधिगम हेतु शिक्षक को-
(1) विषयवस्तु को छोटे भागों में बाँटना चाहिए।
(2) सरल भाषा में सम्प्रत्यय की पुनरावृत्ति करनी चाहिए।
(3) सामान्य गति जारी रखनी चाहिए।
(4) स्पष्ट करने हेतु चित्रों का उपयोग करना चहिए। (2)

63. विद्यालय में किस पाठ्यसहगामी क्रिया के आयोजन को आप प्राथमिकता देंगे?
(1) अन्त: क्रियात्मक सामूहिक क्रियाएं
(2) व्यक्तिगत क्रियाएँ
(3) जिन्हें विद्यार्थी प्राथमिकता देंगे।
(4) जिसमें कक्षा के मॉनीटर की रुचि हो। (1)

64. निम्नलिखित में से कौनसा तरीका, बालकों में सांवेगिक परिपक्वता के विकास में सहायक है?
(1) उन्हें उनकी रुचि के कार्य में लगाना।
(2) संवेगों को उचित दिशा प्रदान करना।
(3) प्रेम की भावना का विकास करना।
(4) संवेगों के दमन हेतु प्रशिक्षण। (2)

65. एक व्यक्ति की सामाजिक परिपक्वता, निम्नलिखित में से कौन से कारक से मुख्यत: प्रभावित होती है?
(1) व्यक्ति का शैक्षिक स्तर
(2) परिवार का वातावरण
(3) उसके माता-पिता का व्यवहार
(4) परिवार का आकार (2)

66. यदि कक्षा में पढ़ाते समय आधे से अधिक विद्यार्थी विषयवस्तु को नहीं समझ रहे हैं, तब आप-
(1) विषयवस्तु को अतिरिक्त निर्देशन और उदाहरणों से स्पष्ट करेंगे।
(2) इसके कारण को जानने का प्रयास करेंगे।
(3) जिनता हो सके उतनी तेज गति से पढ़ायेंगे।
(4) अपनी शिक्षण की गति को धीमा करेंगे। (1)

67. आपके अनुसार, जागरूकता आवश्यक है-
(1) शिक्षण-संस्थानों में
(2) परिवार में
(3) सम्पूर्ण जीवन में (4) यह आवश्यक नहीं है। (3)

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
(अ) निर्णय करना विकल्पों के एक समूह से चयन करने अथवा पसन्द करने की एक प्रक्रिया है।

Maharath Academy

(ब) निर्णय करना सदैव परिस्थिति से सम्बन्धित होता है।
उपरोक्त में से कौनसा/कौनसे कथन सही है?
(1) केवल अ (2) केवल ब
(3) न तो अ न ही ब (4) अ व ब दोनों (4)

**69. एक नवनियुक्त शिक्षक के रूप में, कक्षा में पहले दिन आप-**
(1) कक्षा में व्यवहार के मानदंड बताएंगे।
(2) विद्यार्थियों के साथ पाठ्यक्रम पर चर्चा करेंगे।
(3) विद्यार्थियों के साथ संक्षिप्त परिचय सत्र करेंगे।
(4) उन्हें अपने व अपने परिवार के बारे में बताएंगे। (3)

**70. यदि आपकी कक्षा, शिक्षण के समय ध्यान नहीं देती है, तो आप-**
(1) इस समस्या के कारण को जानने की कोशिश करेंगे।
(2) व्यवसाय को परिवर्तित कर लेंगे।
(3) विषयवस्तु को लिखवाना आरम्भ कर देंगे।
(4) अपनी शिक्षण विधियों का मूल्यांकन करेंगे। (4)

**71. ग्रामीण क्षेत्र में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु आप-**
(1) साक्षरता का महत्त्व समझाएंगे।
(2) समूह चर्चा आयोजित करेंगे।
(3) कोई विशेष प्रयास नहीं करेंगे।
(4) जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। (4)

**72. भारतीय परिस्थितियों में, सबसे उपयुक्त शिक्षण विधि है-**
(1) केवल व्याख्यान (2) केवल प्रदर्शन
(3) व्याख्यान-युक्त-प्रदर्शन
(4) उक्त कोई नहीं (3)

**73. शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य अच्छे सम्बन्ध आवश्यक हैं-**
(1) अधिगम को सरल बनाने हेतु
(2) अनुशासन बनाए रखने हेतु
(3) कक्षा-कक्ष वातावरण को सौहार्द्रपूर्ण बनाने हेतु
(4) विद्यार्थियों को ट्यूशन के लिए आकर्षित करने हेतु (3)

**74. कक्षा हेतु पाठ योजना के नियोजन के समय, ध्यान में रखा जाने वाला कौनसा विकास है?**
(1) संवेगात्मक (2) केवल आध्यात्मिक
(3) मानसिक (4) भाषा (1)

**75. शिक्षण-अधिगम के दौरान आपकी विषयवस्तु वितरण को निम्नलिखित में से कौनसा कारक प्रभावित करता है?**
(1) शब्दों की सटीकता और शुद्धता
(2) विषयवस्तु की स्पष्टता
(3) उपयुक्तता (4) तीव्र वितरण (2)

**76. श्यामपट्ट पर लिखते समय, आप ध्यान रखेंगे कि-**
(1) लिखे गए शब्द अंतिम पंक्ति के छात्रों को स्पष्ट दिखाई दें।
(2) रंगीन चॉक से मुख्य बिन्दुओं को हाइलाइट करेंगे।
(3) लिखे गए शब्द सीधी रेखा में हों।
(4) श्यामपट्ट लेखन बिना बोले करेंगे। (1)

**77. रोहिनी, एक नवप्रेषित छात्रा, कक्षा के साथ समायोजन नहीं कर पा रही है, एक शिक्षक के रूप में आप-**
(1) उसे लघु समूह कार्य देंगे व निरीक्षण करेंगे।
(2) कारण जानने का प्रयास करेंगे।
(3) उसे समय पर छोड़ देंगे।
(4) अभिभावकों को बुलाएंगे। (2)

**78. एक व्यक्ति की अनुनयी ( प्रेरक ) योग्यता का अर्थ है-**
(1) अन्य व्यक्तियों को एक सहभागी के रूप में लगाना।
(2) दूसरों को कुछ करने के लिए प्रेरित करना।
(3) दूसरों को अपने विचार पर विश्वास दिलाना।
(4) एक समय पर बहुत से विचारों का प्रयोग करना (4)

**79. विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता के लिए, अध्यापक के नेतृत्व का निम्नलिखित में से कौनसा गुण सर्वाधिक उपयुक्त है?**
(1) एक प्रजातांत्रिक अनुशासनकर्त्ता
(2) एक पितृ वृत्तात्मक अनुशासनकर्त्ता
(3) एक हस्तक्षेपीय अनुशासनकर्त्ता
(4) एक एकतंत्रीय अनुशासनकर्त्ता (1)

**80. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सर्वाधिक सही है?**
(1) अन्तरवैयक्तिक कौशल दूसरों के संवेगों को समझता है।
(2) अन्तरवैयक्तिक कौशल का संवेगों से कोई लेना-देना नहीं है।
(3) अन्तरवैयक्तिक कौशल में प्रभावी सम्प्रेषण कौशल सम्मिलित है।
(4) अन्तरवैयक्तिक कौशल वे कौशल हैं, जिसमें व्यक्ति दूसरों से प्रभावी तरीके से अन्त: क्रिया और व्यवहार करता है। (4)

**81. व्यावसायिकता से तात्पर्य है-**
(1) व्यावसायिक आचार संहिता का पालन करना।
(2) प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता।
(3) वेतन हेतु कार्य।
(4) बालकों के प्रति उत्तरादायी होना। (4)

**82. विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) का मुख्य उद्देश्य है-**
(1) विद्यालय सुधार में अभिभावकों को शामिल करना।
(2) धन राशि जुटाना।
(3) विद्यालय में नवीन विचारों को प्रारम्भ करवाना।
(4) अभिभावको विद्यालयी समस्याएं समझाना। (3)

**83. सम्प्रेषण की प्रक्रिया का सही क्रम है-**
(1) प्रेषक → संदेश → चैनल → संग्राही
(2) संदेश → प्रेषक → स्रोत → संग्राही
(3) स्रोत → संदेश → संग्राही
(4) स्रोत → इनकोडिंग → संदेश → चैनल → डिकोडिंग → संग्राही (4)

**84. यदि आप विद्यार्थियों की अधिकतम सक्रिय सहभागिता चाहते हैं, तो आपको निम्नलिखित विधि प्रयोग में लानी चाहिए-**
(1) परिचर्चा (2) प्रदर्शन
(3) प्रायोजना (4) व्याख्यान (1)

**85. शिक्षक की जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु उनको दिया जाना चाहिए-**
(1) व्यावसायिक विकास हेतु अवसर
(2) स्वयं की शैली में अध्यापन करने की स्वतंत्रता
(3) नवाचारों को क्षेत्र में उपयोग करने की प्रशिक्षण
(4) उन्हें परीक्षाओं से दूर रखना (3)

**86. एक अध्यापक को अपने शिक्षण में शिक्षण-अधिगम सहायक सामग्री का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि यह सहायक है-**
(1) विद्यार्थियों के अवधान (ध्यान) केन्द्रण में
(2) अध्यापक के भार को कम करने में
(3) कक्षा अनुसंधान को बनाने में
(4) विद्यार्थियों के अधिगम को बढ़ाने में (1)

**87. एक अध्यापक को अपने शिक्षण उद्देश्य स्पष्ट होने चाहिए, क्योंकि-**

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in

(1) यह दूरगामी दृष्टि प्रदान करने में सहायक होता है।
(2) यह समय एवं संसाधनों को व्यवस्थित करने में सहायक होता है।
(3) यह स्वयं की कमजोरियों की स्वीकार्यरता में सहायक होता है।
(4) यह योजना निर्माण और उसके अनुसार शिक्षण में सहायक होता है। (4)

**88. निम्नलिखित में से कौनसी नेतृत्व की प्रभावी शैली है?**
(1) विकासात्मक (2) नौकरशाही
(3) कार्यकारी (4) हितकारी (4)

**89. किसी उत्तर का मूल्यांकन आधारित होना चाहिए-**
(1) भाषायी प्रस्तुतिकरण पर
(2) विषय वस्तु की समझ पर
(3) तार्किक क्रम पर
(4) लिखावट पर (2)

**90. जिस गाँव में आप शिक्षक लगे हुए हैं, उस गाँव के लोगों के मध्य तनाव है, एक शिक्षक होने के नाते आपका कर्त्तव्य है-**
(1) उन्हें शान्त करवाना।
(2) सरपंच की सहायता से मुद्दे को सुलझाना।
(3) वैचारिक असमानताओं को खोजना।
(4) केवल अपने विद्यालय के कार्य को करना। (3)

**91. आपका साथी आपको कुछ ऐसी प्रक्रियाएँ सुझाता है, जो आपके शिक्षण को अधिक बेहतर (प्रभावी) बना सकती हैं। आप-**
(1) विचारों को शान्तिपूर्वक स्वीकार कर लेंगे।
(2) उसे इसके लिए आभार देंगे और प्रयोग करेंगे।
(3) पूर्व की भाँति शान्तिपूर्वक कार्य करेंगे।
(4) उसे धन्यवाद देंगे। (2)

**92. गृहकार्य देने का उद्देश्य है-**
(1) बालक को व्यस्त रखना।
(2) अभिभावकों की माँग को पूरा करना।
(3) स्व: अध्ययन की आदत का विकास।
(4) उनकी प्रगति जाँचने हेतु। (3)

**93. अभिप्रेरणा तकनीक से चयन की कसौटी है-**
(1) कोई विशिष्ट कसौटी नहीं
(2) अधिगम के उद्देश्य
(3) अधिगम परिस्थितियाँ (4) छात्रों की आवश्यकता (3)

**94. कक्षा-कक्ष सम्प्रेषण में बाधाएँ है-**
(1) भाषा (2) अधिगमकर्त्ता को अभिवृत्ति
(3) विषयवस्तु का अनुपयुक्त संगठन
(4) कुछ कह नहीं सकते (3)

**95. आपकी कक्षा के एक विद्यार्थी की खराब आदत को छुड़वाने के लिए, आप-**
(1) इसके लिए उसे दण्ड देंगे।
(2) इस आदत के परिणाम स्पष्ट करेंगे।
(3) उसके माता-पिता को सूचना देंगे।
(4) माता-पिता से मिलेंगे और इसके लिए एक व्यूह रचना बनाएंगे। (4)

**96. एक सांवेगिक रूप से संतुलित अध्यापक में, निम्नलिखित में से कौनसा शीलगुण दिखाई देता है?**
(1) वह अन्य लोगों की अभिप्रेरित करते हैं।
(2) वह अपने संवेगों को जानता है और दूसरों के संवेगों को समझता है।
(3) वह दूसरो की प्रतिक्रियाएं, जो आने वाली हैं का आंकलन कर सकता है।
(4) वह दूसरों के साथ सहानुभूति से व्यवहार करता है। (2)

**97. निम्नलिखित में से कौन सम्प्रेषण के लिए सर्वाधिक प्रभावी बाधा है?**
(1) अनवधान (2) अभिरुचि
(3) दु:चिन्ता (4) पूर्वाग्रह (4)

**98. एक छात्र नियमित रूप से विद्यालय देरी से आ रहा है, एक शिक्षक होने के नाते आप-**
(1) प्रधानाचार्य को सूचित करेंगे।
(2) अभिभावकों से सम्पर्क करेंगे।
(3) देरी से आने का कारण जानेंगे।
(4) उसे दण्ड देंगे। (3)

**99. प्रधानाध्यापक का प्रशासनिक गुण है-**
(1) कौशलयुक्त नियोजनकर्त्ता
(2) कौशलयुक्त प्रशासक
(3) कौशलयुक्त संगठनकर्त्ता (4) निष्ठा (2)

**100. एक अध्यापक के लिए निम्नलिखित में से कौनसा गुण सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?**
(1) उदाहरण स्थापित करना (2) पृष्ठपोषण प्रदान करना
(3) प्रबंधन में सम्मिलित होना
(4) निर्देशन देना। (1)

## भाग-'स' : सामान्य ज्ञान

**101. विश्व जनसंख्या दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है-**
(1) 8 सितम्बर को (2) 11 जुलाई को
(3) 8 मार्च को (4) 17 जुलाई को (2)

**102. राजस्थान में मरुस्थलीकरण की सबसे प्रभावी प्रक्रिया है-**
(1) वनस्पति अपरदन (2) जल अपरदन
(3) वायु अपरदन (4) जल संचयन (3)

**103. जावर माइन्स किस खनिज उत्पादन के लिए विख्यात है?**
(1) लोहा (2) ताँबा
(3) चूना पत्थर (4) जस्ता (4)

**104. भारतीय संविधान का कौनसा भाग मैग्ना-कार्ट कहलाता है?**
(1) भाग-III (2) भाग-VI
(3) भाग-I (4) भाग-II (1)

**105. निम्न किस पहाड़ी पर चाय बागान नहीं हैं?**
(1) कानन देवन (2) गिरनार
(3) नीलगिरी (4) दार्जिलिंग (2)

**106. आहार नाल का सबसे लम्बा हिस्सा कौनसा है?**
(1) आमाशय (2) छोटी आंत
(3) मुख (4) ग्रासनली (2)

**107. निम्नलिखित में से किस कोशिका अंग में डी.एन.ए. पाया जाता है?**
(1) गॉल्जी काय (2) लाइसोसोम
(3) माइटोकॉण्ड्रिया (4) राइबोसोम (3)

**108. कायाकल्प अवार्ड के तहत राजस्थान प्रथम जिला कौनसा है?**
(1) अजमेर (2) जालौर
(3) जयपुर (4) भीलवाड़ा (2)

**109. तीन प्राथमिक रंग कौनसे है?**
(1) नीला, हरा, पीला (2) नीला, हरा, लाल
(3) नारंगी, भूरा, लाल (4) पीला, लाल, हरा (2)

Maharath Academy

110. 'थेवा कला' का सम्बन्ध किस स्थान से है?
(1) प्रतापगढ़ (2) बीकानेर
(3) जयपुर (4) बाड़मेर (1)

111. नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर है?
(1) तुंगभद्रा (2) कावेरी
(3) कृष्णा (4) गोदावरी (3)

112. भारतीय रेल की प्रथम कॉर्पोरेट सेक्टर की रेलगाड़ी 'तेजस' किन शहरों के मध्य चलाई गई?
(1) मुंबई-गोवा (2) लखनऊ-नई दिल्ली
(3) आगरा-अहमदाबाद (4) सूरत-मुम्बई (2)

113. निम्नलिखित में से 'वीर विनोद' पुस्तक के लेखक कौन हैं, जिसमें मेवाड़ रियासत का इतिहास मिलता है?
(1) मुहणोत नैणसी (2) सूर्यमल्ल मिश्रण
(3) बाँकीदास (4) श्यामलदास (4)

114. मनुष्य के आमाशय में कौनसा अम्ल बनता है?
(1) फॉर्मिक अम्ल (2) सल्फ्यूरिक अम्ल
(3) नाइट्रिक अम्ल (4) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (4)

115. ब्रिक्स सम्मेलन 2020 का आयोजन कहाँ होगा?
(1) भारत (2) चीन
(3) रूस (4) ब्राजील (3)

116. विद्युत उत्पादन में भारत विश्व में अमरीका व चीन के पश्चात् तीसरे स्थान पर है। भारत में सर्वाधिक किस प्रकार का विद्युत उत्पादन होता है?
(1) तापीय (2) कोयला
(3) जल (4) परमाणु व नाभिकीय (2)

117. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के प्रथम चेयरमैन है-
(1) प्रो. सुरेश चन्द्र शर्मा (2) डॉ. हर्षवर्धन
(3) डॉ. संस्कृति चौंपड़ा (4) डॉ. मनमोहन सिंह (1)

118. मैत्री-2019 किन देशों की सेनाओं का संयुक्त अभ्यास था?
(1) भारत व श्रीलंका (2) रूस व अमरीका
(3) चीन व बांग्लादेश (4) भारत व थाईलैण्ड (4)

119. अंटार्कटिका में भारत के दूसरे स्थाई अनुसंधान केन्द्र पर नाम क्या है?
(1) दक्षिण गंगोत्री (2) मैत्री
(3) चक्र (4) स्वेथा (2)

120. पानीपत का तीसरा युद्ध किसके मध्य हुआ था?
(1) अकबर व हेमू
(2) बाबर व इब्राहिम लोदी
(3) अकबर व राणा प्रताप
(4) अहमद शाह अब्दाली व मराठा (4)

121. पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 26 नवम्बर (2) 24 अप्रैल
(3) 2 अक्टूबर (4) 15 जून (2)

122. यू.एस. राष्ट्रपति चुनाव 2020 किस तिथि को सम्पन्न होगा?
(1) 3 नवम्बर (2) 4 नवम्बर
(3) 11 नवम्बर (4) 12 नवम्बर (1)

123. एक जैव पद्धति जिसमें पराश्रव्य ध्वनि का उपयोग किया जाता है-
(1) सोनोग्राफी (2) ई.सी.जी.
(3) ई.ई.जी. (4) एक्स-रे (1)

124. भारत का 33वाँ अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला कहाँ सम्पन्न हुआ?
(1) मुम्बई (2) नई दिल्ली
(3) कोलकाता (4) चेन्नई (2)

125. अंतर्राष्ट्रीय टी-20 महिला क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर है-
(1) गीता फोगाट (2) अनीता सिंह
(3) मिताली राज (4) बबीता फोगाट (3)

126. निम्नलिखित में से कौनसा ज्योतिषी एवं गणितज्ञ, गुप्तकाल का है?
(1) आर्यभट्ट (2) वराहमिहिर
(3) ब्रह्मगुप्त (4) उपर्युक्त सभी (4)

127. पूर्व-ऐतिहासिक स्थान, 'कालीबंगा' राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(1) हनुमानगढ़ (2) जैसलमेर
(3) श्रीगंगानगर (4) बीकानेर (1)

128. 'रॉक गार्डन' किस शहर में स्थित है?
(1) चंडीगढ़ (2) शिमला
(3) लखनऊ (4) जयपुर (1)

129. वर्ष 2019 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए निम्नलिखित में से किसे चुना गया?
(1) के. बालाचंदर (2) अमिताभ बच्चन
(3) आमिर खान (4) ऋषि कपूर (2)

130. विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?
(1) 14 अप्रैल (2) 15 अगस्त
(3) 15 मार्च (4) 8 मार्च (3)

131. राजस्थान के राजकीय महाविद्यालय के छात्रों हेतु मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना (MYKY) कब प्रारम्भ की गई?
(1) 7 नवम्बर, 2019 (2) 1 अप्रैल, 2019
(3) 1 जुलाई, 2019 (4) 28 अगस्त, 2019 (1)

132. स्कॉर्पीन श्रेणी की प्रथम पनडुब्बी का नाम है-
(1) आई. एन. एम. खंडेरी (2) आई. एन. एस. कलवरी
(3) आई. एन. एस. करंज (4) आई. एन. एस. वेला (2)

133. निम्न में से किस बन्दरगाह का नाम 12 जनवरी, 2020 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से दिया गया?
(1) आंध्र प्रदेश (2) कोलकाता
(3) मुंबई (4) कांडला (2)

134. "झुंझार जी" राजस्थान के किस जिले से सम्बन्धित है?
(1) झुंझुनूं (2) जयपुर
(3) उदयपुर (4) सीकर (1)

135. "केलमदे" किस लोक देवता की पत्नी का नाम है?
(1) जसनाथजी (2) गोगाजी
(3) इलोजी (4) दुर्लभजी (2)

136. सुमेलित करो-

| | |
|---|---|
| अ. भिलाई | 1. एल्युमिनियम |
| ब. रेणुकूट | 2. स्टील |
| स. बैंगलुरु | 3. मशीन टूल्स |
| द. अहमदाबाद | 4. टेक्सटाईल्स |

| कूट | अ | ब | स | द |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (2) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (4) | उक्त नहीं | | | |

(2)

Maharath Academy

137. विश्नोई सम्प्रदाय के देवता श्री जाम्भोजी ने कितने नियम बनाये थे?
(1) 32 (2) 29
(3) 16 (4) 30 (2)

138. विश्व का पहला ऊँट अस्तपाल कहाँ स्थित है?
(1) तेहरान (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) दुबई (4)

139. भारत में जी.एस.टी. कब लागू किया गया?
(1) 1 जुलाई 2018 को (2) 1 जुलाई 2017 को
(3) 1 जुलाई 2019 को (4) 1 जुलाई 2020 को (2)

140. 1000 मेगावॉट क्षमता के दो परमाणु विद्युत रिएक्टर वाला, कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र, किस राज्य में स्थित है?
(1) केरल (2) कर्नाटक
(3) तमिलनाडु (4) आंध्र प्रदेश (3)

141. 1916 में, होमरूल आंदोलन किसके नेतृत्व में शुरु हुआ?
(1) महात्मा गाँधी (2) श्रीमती एनीबेसेन्ट
(3) मदन मोहन मालवीय
(4) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (2)

142. 2019 में गुट निरपेक्ष देशों का 18वाँ सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ?
(1) बाकू (2) डरबन
(3) हवाना (4) नई दिल्ली (1)

143. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा अस्पृश्यता (छुआछूत) को समाप्त किया गया है?
(1) अनुच्छेद-17 (2) अनुच्छेद-18
(3) अनुच्छेद-19 (4) अनुच्छेद-20 (1)

144. चीन के किस शहर में नोवेल कोरोना वाइरस-19 का प्रथम मामला प्रकाश में आया?
(1) बीजिंग (2) शंघाई
(3) वुहान (4) तियांजिन (3)

145. गाँधीजी ने 'दाण्डी मार्च' से किस आन्दोलन की शुरुआत की थी?
(1) खिलाफत आंदोलन (2) असहयोग आंदोलन
(3) सविनय अवज्ञा आंदोलन (4) भारत छोड़ो आंदोलन (3)

146. राफेल लड़ाकू विमान किस देश का उत्पादन है?
(1) फ्रांस (2) अमेरिका
(3) कनाडा (4) रूस (1)

147. पूर्ण स्वराज्य की शपथ कांग्रेस के निम्न अधिवेशनों में किसमें ली गई थी?
(1) दिल्ली (2) सूरत
(3) लाहौर (4) बॉम्बे (3)

148. नील-दर्पण के लेखक कौन थे?
(1) सुभाष बोस (2) दीनबंधु मित्र
(3) शरतचंद्र (4) विमलचंद्र (2)

149. बरही, हलावी, खुनेजी तथा मेडजूल नस्लें है-
(1) बबूल की (2) खजूर की
(3) आम की (4) नारियल की (2)

150. श्री कल्याण जी का मंदिर कहाँ स्थित है?
(1) टोंक (2) आबू रोड़
(3) टोडारायसिंह (4) डिग्गी-मालपुरा (4)

## PART-IV LANGUAGE : ENGLISH

**Do as directed : (151-154) Choose suitable prepositions in the given blanks-**

151. ______ course of time he saw his mistakes.
(1) With (2) On
(3) In (4) Order (3)

152. That is the boys ________ I was speaking of.
(1) whom (2) whose
(3) who (4) which (1)

153. There is a cat ______ the table.
(1) at (2) in
(3) upon (4) on (4)

154. She stood ______ the crowd quite amazed.
(1) in (2) among
(3) between (4) of (2)

**Do as directed : (155-159) Fill in the blanks using appropriate forms of the verbs-**

155. Bread and butter ______ wholesome food.
(1) was (2) are
(3) were (4) is (2)

156. I am sure I ______ him at the party last night.
(1) saw (2) have seen
(3) had seen (4) will see (1)

157. He ______ working hard since morning.
(1) is been (2) has been
(3) had been (4) None of these (2)

158. We had a drink of the ______ water.
(1) sparkled (2) sparkling
(3) sparkle (4) None of these (2)

159. The ______ of the plain is in hand.
(1) making (2) make
(3) made (4) None of these (1)

**Do as directed : (160-163) Use the correct word in the given blank spaces-**

160. The play _____ was rewarded for his fine play.
(1) rite (2) wright
(3) right (4) write (2)

161. In a dictatorship the right of _____ does not exist.
(1) decent (2) descent
(3) dissent (4) None of these (3)

162. French is _____ easy language.
(1) a (2) an
(3) the (4) No article (2)

163. ____________ you like another cup of tea?
(1) Should (2) Would
(3) Shall (4) Can (2)

**Do as directed : (164-172) Fill in the blanks with appropriate words-**

164. Work hard, lest you _____ fail.
(1) will (2) may
(3) can (4) should (4)

165. There aren't ____ students in the class.
(1) some (2) more
(3) any (4) a few (3)

166. ________ people reached there.
(1) More (2) Many
(3) Much (4) None of theses (2)

167. She can have my _____ cooperation.
(1) fullest (2) fuller
(3) full (4) None of these (3)

Maharath Academy

168. He is junior ______ me.
(1) of (2) to
(3) than (4) from (2)

169. He had _____ on the floor before I arrived.
(1) lied (2) lay
(3) laid (4) lie (3)

170. She has _____ this path.
(1) choose (2) chouse
(3) chose (4) chosen (4)

171. You ____ obey your parents.
(1) can (2) need to
(3) must (4) might (3)

172. _____ university is a place for higher education.
(1) The (2) A
(3) An (4) None of these (4)

**Do as directed : (173-177) Choose appropriate one word substitute-**

173. That which cannot be approached-
(1) Inexorable (2) Inestimable
(3) Inaccessible (4) Incorrigible (3)

174. Something which cannot be belived-
(1) False (2) Illegal
(3) Brittle (4) Incredible (4)

175. An assembly of hearers-
(1) Assemblage (2) Audience
(3) Congregation (4) Crowd (2)

176. A Government by the nobles-
(1) Aristocracy (2) Democracy
(3) Autocracy (4) Bureaucracy (1)

177. 'One who is all knowing'-
(1) Omnipresent (2) Soothsayer
(3) Omniscient (4) Omnipotent (3)

178. "I like wirting." The word 'writing' is used here as-
(1) verb (2) gerund
(3) adverb (4) adjective (2)

179. He said to his ervant, "Do not sit there."
(1) He said to his servant that do not sit there.
(2) He asked his servant don't sit there.
(3) He requested his servant that do not sit there.
(4) He forbade his servants to sit there. (4)

180. Sheila said, "We cannot be quite happy in this life."
(1) Sheila said that she cannot be quite happy in the life.
(2) Sheila told that she cannot be quite happy in this life.
(3) Sheila informed that they cannot be quite happy in this life.
(4) Sheila said that they cound not be quite happy in this life. (4)

181. Ram said to me, "What is the shortest way back"?
(1) Ram said to me what is the shortest way back?
(2) Ram tole me that what is the shortest way back.
(3) Ram inquired of me what was the shortest way back.
(4) Ram asked me that what was the shortest way back. (4)

182. "I think yours is a better plan." The word 'better' in the sentences is used as-
(1) Noun (2) Adverb
(3) Preposition (4) Adjective (4)

183. logical-
(1) non (2) un
(3) in (4) il (4)

184. comfort-
(1) un (2) no
(3) dis (4) a (3)

185. dignified-
(1) un (2) in
(3) a (4) non (1)

186. Arid means-
(1) Dull (2) Dry
(3) Sandy (4) Temperale (2)

187. Lucid means-
(1) Vague (2) Unconvincing
(3) Long (4) Clear (4)

188. Rendezvous means-
(1) A handsome man
(2) Unfaithful person
(3) A planning session
(4) A meeting that you have arranged with somebody. (4)

**Do as directed : (189-190) Provide suitable suffix/prefix for the following sentences-**

189. The suffix for the word 'content' which will mean satisfaction is-
(1) ful (2) ment
(3) ly (4) None of these (2)

190. The proper prefix for 'regular' is-
(1) un (2) in
(3) ir (4) a (3)

**Do as directed : (191-192) Choose correct verb form of the words-**

191. Communication-
(1) Communicate (2) Communicator
(3) Communicating (4) Communicated (1)

192. Offence-
(1) Offender (2) Offended
(3) Offend (4) Offensive (3)

**Do as directed : (193-194) Fill in the blanks with appropriate words chosen from the given options-**

193. Silver is _____ than Gold.
(1) light (2) lighter
(3) lightest (4) None of these (2)

194. The 'Times of Inida' is the _____ powerful newspaper in India.
(1) most (2) more
(3) much (4) None of these (2)

**Do as directed : (1195-197) Choose the coorect words to fill in the blanks-**

195. The child was running carelessly ____ the road.
(1) from (2) across
(3) in (4) on (4)

196. The bank has ____ the interest to five percent.
(1) risen (2) rising
(3) raised (4) rasie (3)

197. Talk to the boy than _____
(1) I (2) we
(3) us (4) we (1)

**Do as directed : (199-200) Change the following into Indirect speech-**

198. Mohan says, "I am happy to be here today."
(1) Mohan says he was happy to be there that day.
(2) Mohan said he was happy to be there that day.

Maharath Academy

(3) Mohan says he is happy to be here today
(4) None of these (1)

199. **Sunita said, "Anita is writing letters."**
(1) Sunita said (that) Anita is writing letters.
(2) Sunit said (that) Anita was writing letters.
(3) Sunita said Anita will be writing letters.
(4) None of these (2)

200. **He said to me, "What are you doing"?**
(1) He asked me what am I doing.
(2) He said what was I doing.
(3) He asked me what I was doing.
(4) None of these (3)

## भाग-'द' : भाषा कौशल - हिन्दी

151. **''आपको परिश्रम करना चाहिए, जिससे आप परीक्षा में पास हो जाओ'', उक्त उदाहरण है-**
(1) सरल वाक्य (2) मिश्र वाक्य
(3) संयुक्त वाक्य (4) विशेष उपवाक्य (2)

152. **प्रस्तुत में से कौनसा शब्द तत्सम नहीं है?**
(1) मशक (2) पर्पट
(3) धन्य (4) जमाई (4)

153. **'पुरातन' का विलोम होता है-**
(1) अद्यतन (2) नवीन
(3) समीचीन (4) सामयिक (3)

154. **'सु' उपसर्ग रहित शब्द है-**
(1) सुकर्म (2) स्वागत
(3) सरस (4) सुदूर (3)

155. **द्वित्व या सहचर शब्दों के लिए कौनसे चिन्ह का प्रयोग होता है?**
(1) उद्धरण चिन्ह
(2) विस्मयादिकबोधक चिन्ह
(3) योजक चिन्ह (4) लाघव चिन्ह (3)

156. **कौनसा शब्द विदेशी है?**
(1) वत्स (2) पथ
(3) अदालत (4) कदली (3)

157. **'आप बीती' में समास है-**
(1) संप्रदान तत्पुरुष (2) सम्बन्ध तत्पुरुष
(3) अधिकरण तत्पुरुष (4) अपादान तत्पुरुष (3)

158. **वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द कौनसा है?**
(1) छुद्र (2) तिथी
(3) सरोजनी (4) परीक्षित (4)

159. **'कृष्ण' शब्द का तद्भव रूप क्या है?**
(1) कान्ह (2) क्रिसन
(3) कन्हैया (4) किसनु (1)

160. **प्रेरणार्थक क्रिया का उदाहरण है-**
(1) विशाल और विकास जयपुर जा रहे हैं।
(2) मोहन, सोहन से पत्र लिखवाया है।
(3) माँ ने बच्चे को दूध पिलाया।
(4) वह आराम से सो रहा है। (2)

161. **हिन्दी में 'आ' स्वर को माना जाता है-**
(1) संवृत (2) विवृत
(3) पूर्ण विस्तृत (4) विस्तृत (2)

162. **'सर्वज्ञ' शब्द का सही अर्थ है-**
(1) जो बहुत कुछ जानता हो।
(2) जो सब कुछ जानता हो।
(3) जो बहुत कम जानता हो।
(4) जो अध्ययनशील हो। (2)

163. **'वैशाली ने पुस्तक पढ़ी।' वाक्य में वाच्य है-**
(1) कर्मवाच्य (2) भाववाच्य
(3) कर्तृवाच्य (4) उक्त कोई नहीं (3)

164. **प्रत्यय के कितने भेद होते हैं?**
(1) दो (2) आठ
(3) चार (4) तीन (1)

165. **''साथ रहकर दुश्मनी ठीक नहीं।'' इस अर्थ को कहने वाली लोकोक्ति है-**
(1) जब तक जीना तब तक सोना
(2) तू डाल-डाल, मैं पात-पात
(3) जल में रहकर मगर से बैर ठीक नहीं।
(4) नीम हकीम खतरा-ए-जान। (3)

166. **''उसकी सौन्दर्यता अनुपम है।'' इस वाक्य का शुद्ध रूप है-**
(1) उसकी सौन्दर्य अनुपम है।
(2) उसका सौन्दर्य अनुपम सा है।
(3) सौन्दर्य अनुपम है।
(4) उसका सौन्दर्य अनुपम है। (4)

167. **निम्न में से अशुद्ध वाक्य कौनसा है?**
(1) मैं प्रातःकाल पढ़ता हूँ।
(2) मेरे पास केवल मात्र एक मोबाइल है।
(3) यह कुआँ कैसे सूख गया?
(4) साहित्य और जीवन का घनिष्ठ सम्बन्ध है। (2)

168. **'अंत या समास होना' को दर्शाने वाला मुहावरा है-**
(1) इतिश्री होना
(2) ऋण उतारना
(3) उल्टी माला फेरना
(4) आकाश टूटना (1)

169. **'आदित्य' में प्रयुक्त प्रत्यय है-**
(1) य (2) अ
(3) त्य (4) अय (1)

170. **''राम की दृष्टि बड़ी पतली है।'' इस वाक्य का शुद्ध रूप है-**
(1) राम की दृष्टि बड़ी सूक्ष्म है।
(2) राम की दृष्टि बड़ी अच्छी है।
(3) राम की नजर बड़ी तेज है।
(4) राम की दृष्टि बढ़िया है। (1)

171. **''महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवयत्री है।'' इस वाक्य का शुद्ध रूप क्या है?**
(1) महादेवी वार्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवियित्री हैं।
(2) महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवियीत्री हैं।
(3) महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवयित्री हैं।
(4) महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवीयत्री हैं। (3)

172. **'क्षणिक' का विलोम है-**
(1) शाश्वत (2) पठित
(3) अज्ञात (4) शयन (1)

173. **जिन स्वरों का उच्चारण करते समय मुख प्रायः बन्द सा रहता है, कहलाते हैं-**

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in

(1) विवृत स्वर (2) संवृत स्वर
(3) अर्द्ध विवृत स्वर (4) अर्द्ध संवृत स्वर (2)

**174. नाद के आधार पर व्यंजन के दो वर्ग कौनसे है?**
(1) अघोष-सघोष (2) अल्पप्राण-महाप्राण
(3) उष्म-स्पर्श (4) स्पर्श-अन्त:स्थ (1)

**175. 'संस्कृत' शब्द में कौनसा उपसर्ग लगा है?**
(1) स (2) संस
(3) सु (4) सम् (4)

**176. "लड़कों को कपड़े साफ करना है।" इस वाक्य का शुद्ध रूप है-**
(1) लड़कों को कपड़ा साफ करना है।
(2) लड़कों को कपड़े साफ करने हैं।
(3) लड़के को कपड़ा साफ करने हैं।
(4) लड़के को कपड़े साफ करना है। (2)

**177. 'चौमासा' शब्द में कौनसा समास है?**
(1) अव्ययीभाव समास (2) कर्मधारय समास
(3) बहुब्रीहि समास (4) द्विगु समास (3)

**178. आयात का विलोम है-**
(1) निर्यात (2) अविष्ट
(3) अपेक्षा (4) इष्ट (1)

**179. आँख का पर्यायवाची नहीं है-**
(1) द्विव (2) अक्षि
(3) दृग (4) चक्षु (1)

**180. निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द है-**
(1) लघुत्तर (2) मध्यान्ह
(3) चिन्ह (4) वात्सल्य (1)

**181. 'दूसरे लोक' से सम्बन्धित है-**
(1) इहलौकिक (2) परलोक
(3) पारलौकिक (4) दूरदर्शी (3)

**182. 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची नहीं है-**
(1) वैदर्भी (2) इंदिरा
(3) पद्मा (4) सिंधुजा (1)

**183. 'खड़ी बोली' हिन्दी के किस स्वरूप से निकली है?**
(1) पूर्वी हिन्दी (2) पश्चिमी हिन्दी
(3) राजस्थानी हिन्दी (4) पहाड़ी हिन्दी (2)

**184. निम्नलिखित में से कौनसा संधि विच्छेद सही है?**
(1) सम् + रक्षण = संरक्षण
(2) सम् + सर = संसार
(3) सम् + क्षण = संरक्षण
(4) सं + योग = संयोग (1)

**185. 'वह जिस पर विजय प्राप्त कर ली हो।' वाक्यांश का अर्थ प्रकट करने वाला शब्द है-**
(1) विजयी (2) विजित
(3) विजेत (4) पराजित (2)

[redacted]

**187. "जहाँ क्रिया का फल कर्म पर पड़े हैं", उसे कहते हैं-**
(1) अकर्मक क्रिया (2) सर्कमक क्रिया
(3) सम्बन्ध बोधक (4) कर्मक क्रिया (2)

**188. प्रस्तुत में से कौनसा शब्द तद्भव नहीं है?**
(1) खत्री (2) पोखर
(3) ग्वाला (4) मत्स्य (4)

**189. अर्द्धशासकीय पत्र में गलत कथन कौनसा है?**
(1) पत्र में निजता का आग्रह किया जाता है।
(2) ये पत्र अनौपचारिक होते हैं।
(3) पत्र के अन्त में स्वनिर्देश/अधिकारी की मुद्रा होना आवश्यक है।
(4) प्रेषक का नाम और पदनाम लिखा होता है। (3)

**190. शुद्ध शब्द कौनसा है?**
(1) उज्जवल (2) भौगोलिक
(3) पूजयनीय (4) प्रसंशा (2)

**191. दिए गए शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा बताइए-**
(1) शिशु (2) बचपन
(3) लोहा (4) मित्रता (1)

**192. 'चन्द्रिका' का अर्थ नहीं है-**
(1) चाँदनी (2) कौमुदी
(3) चन्द्रप्रभा (4) कलानिधि (4)

**193. वे शब्दांश जो किसी क्रिया की धातु के अंत में जुड़कर अर्थ-परिवर्तन कर देते हैं, वे कहलाते हैं-**
(1) प्रत्यय (2) उपसर्ग
(3) सन्धि (4) समास (1)

**194. शुद्ध रूप है-**
(1) परलोकिक (2) पारलौकिक
(3) परालौकिक (4) परलौकिक (2)

**195. 'अंक' शब्द के अर्थ को व्यक्त कौन नहीं करता है?**
(1) भाग्य (2) वर्ण
(3) अध्याय (4) देह (1)

**196. 'बाहु' किसका पर्यायवाची नहीं है?**
(1) हस्त (2) पाणि
(3) हस्ती (4) भुजा (3)

**197. 'अजातशत्रु' का अर्थ है-**
(1) शत्रुओं पर विजय पाने वाला
(2) शत्रुओं का नाश करने वाला
(3) जिसका कोई शत्रु शेष न बचा हो
(4) जिसका कोई शत्रु न जन्मा हो (4)

**198. 'विद्या के लिए आलय' समास की पहचान करो-**
(1) सम्प्रदान तत्पुरुष (2) अपादान तत्पुरुष
(3) करण तत्पुरुष (4) कर्म तत्पुरुष (1)

**199. "यह कार्य मैं स्वत: ही कर लूंगा।", इस कथन में स्वत: कौनसा सर्वनाम है?**
(1) निजवाचक सर्वनाम
(2) पुरुषवाचक सर्वनाम

[redacted]

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in